# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 13 आषाढ़, 1941 (श०) / 4 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | कृषि विभाग | .. .. | 01 |
| (2) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. .. | 01 |
| | | कुल योग— | 02 |

कार्रवाई करना

3. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के किसानों द्वारा फसल काटने के बाद खेतों में बचे अवशेष को जला दिया जाता है, जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से अत्यन्त घातक है, यदि हाँ, तो इसके रोक-थाम के लिये सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

4. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मधुबनी, कैमूर, रोहतास, पटना, नवादा, गया सहित 19 जिलों के 102 प्रखंडों के भू-जल स्तर में गिरावट के कारण भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है और प्राय: सभी जलस्त्रोत सूख गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वाटर लेवल रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे भू-जल को नियंत्रित करने वाले उपायों पर विगत 15 वर्षों में कोई कारगर काम नहीं होने के कारण आज राज्य जल संकट का सामना कर रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नीचे जा रहे भू-जल स्तर को मेन्टेन रखने तथा भू-जल रिचार्ज हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 4 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 26(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550